समय : 3 घंटा 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : पूर्ववत्

1. I. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें— 5×1=5

(i) 'अधिनायक' शीर्षक कविता के रचयिता कौन है?
(क) ज्ञानेन्द्रिपति (ख) अशोक वाजपेयी
(ग) विनोद कुमार शुक्ल (घ) रघुवीर सहाय

(ii) 'एक लेख और एक पत्र' शीर्षक पाठ के रचयिता कौन हैं?
(क) रामप्रसाद बिस्मिल (ख) चन्द्रशेखर
(ग) भगत सिंह (घ) शुकदेव

(iii) 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ किस विधा के अन्तर्गत आता है?
(क) कहानी (ख) निबंध (ग) कविता (घ) शब्द-चित्र

(iv) 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ में किस महापुरुष की चर्चा आयी है?
(क) महात्मा गाँधी (ख) पं० जवाहरलाल नेहरू
(ग) सुभाष चन्द्र बोस (घ) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक।

(v) जय प्रकाश नारायण रचित पाठ का नाम है—
(क) हँसते हुए मेरा अकेलापन (ख) प्रगति और समाज
(ग) बातचीत (घ) सम्पूर्ण क्रांति।

II. सही जोड़े का मिलान करें। 5×1=5

| | |
|---|---|
| (i) जे० कृष्णमूर्ति | (क) तिरिछ |
| (ii) उदय प्रकाश | (ख) हँसते हुए मेरा अकेलापन |
| (iii) मलयज | (ग) शिक्षा |
| (iv) ओमप्रकाश वाल्मीकि | (घ) प्रगति और समाज |
| (v) नामवर सिंह | (ङ) जूठन |

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें— 5×1=5

(क) जिस पुरुष में .............. नहीं, अपूर्ण है। (पुरुषत्व/नारीत्व)

(ख) जब देश के भाग्य का निर्णय हो रहा हो, तो ........... के भाग्य को पूर्णतया भुला देना चाहिए। (व्यक्तियों/व्यक्ति)

(ग) दानव दुरात्मा एक, ........... की आत्मा एक। (मनुष्य/मानव)

(घ) .................. पर बैठा, उनके तमगे कौन लगाता है। (सिंहासन/कुर्सी)

(ङ) हमारी भीतरी मनोवृत्ति प्रति क्षण .... रंग दिखाया करती है। (नया-नया/नए-नए)

2. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें— 6×2=12

(क) शिक्षा का अर्थ क्या है?

(ख) विद्यार्थियों को राजनीति में भाग क्यों लेना चाहिए?

(ग) चम्पारण क्षेत्र में बाढ़ की प्रचंडता के क्या कारण है?

(घ) 'कला कला के लिए' के सिद्धान्त क्या है?

(ङ) 'दिनभर मर खप कर भी हमारे पसीने की कीमत मात्र जूठन,
फिर भी किसी को शिकायत नहीं।
कोई शर्मिंदगी नहीं, कोई पश्चाताप नहीं।
ऐसा क्यों?

(च) 'गाँव का घर' कविता का केन्द्रीय भाव क्या है?

bsebcareer.com

3. **सप्रसंग व्याख्या करें—** 4+4=8

जिस पुरुष में नारीत्व नहीं, अपूर्ण है।

**अथवा,** आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है।

4. **निम्न दो दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें—** 2×5=10

(क) विद्यालय में लेखक के साथ कैसी घटनाएँ घटती है?

**अथवा,** चम्पारण में गाँधीजी ने शिक्षा-व्यवस्था के लिए क्या किया?

(ख) 'पुत्र-वियोग' या 'जन-जन का चेहरा एक' या 'अधिनायक' कविता का सारांश लिखिए।

5. सगुण भक्ति और निर्गुण भक्ति में क्या अंतर है? 5

**अथवा,** विद्यापति या तुलसीदास का कवि परिचय लिखें।

6. **किसी एक विषय पर निबंध लिखें—** 1×10=10

(क) छात्र और अनुशासन (ख) प्रदूषण की समस्या

(ग) आपकी नजर में सही शिक्षा कैसी हो? (घ) दहेज की समस्या।

7. अपने छोटे भाई के पास पत्र लिखे जिसमें पुश्तैनी पेशे को जारी रखने की सलाह दी गई हो। 6

**अथवा,** बिहार में गुंडागर्दी समाप्त करने के लिए आई०जी० (पुलिस) को एक पत्र लिखें।

8. **संक्षेपण करें—** 4

"देशभक्त अपनी मातृभूमि को सच्चे हृदय से प्यार करता है। यदि एक ओर उसे अपने स्वर्गिक अतीत पर गर्व है, तो दूसरी ओर वह अपने भविष्य को भी उज्ज्वल बनाना चाहता हैं। वह सदैव समाज में क्रांति चाहता है। वह समाज में प्रचलित रूढ़ियों और अंधविश्वासों तथा उन परंपराओं और परिपाटियों के विरुद्ध क्रांति करता है, जो देश की उन्नति के पथ में बाधाएँ है। लोगों में एकता, प्रेम और सहानुभूति उत्पन्न करना, उनमें राष्ट्रीय, सामाजिक एवं नैतिक चेतना जागृत करना और उन्हें कर्त्तव्यपरायण तथा अध्यवसायी बने रहने के लिए प्रोत्साहन देना ही देशभक्ति है।"

9. **(क) किन्हीं पाँच के समास बताइए—** 5×1=5

गजानन, राजपुत्र, चौराहा, राजारानी, घुड़सवार, नीलकंठ, काली मिर्च, सुख-दु:ख।

**(ख) किन्हीं पाँच मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट करें—** 5×1=5

(i) एक पंथ दो काज (ii) नौ-दो-ग्यारह होना

(iii) होनहार बिरवान के होत चिकने पात

(iv) ऊँची दूकान फीका पकवान

(v) जहर उगलना (vi) नाक में दम करना

(vii) ईद का चाँद होना (viii) चोर की दाढ़ी में तिनका।

**(ग) वाक्य-प्रयोग द्वारा किन्हीं पाँच शब्दों के लिंग-निर्णय करें—**

कमाई, आईना, पवन, किताब, खटिया, हाथी, मोती, दही। 5×1=5

**(घ) किन्हीं पाँच के सन्धि विच्छेद करें—** 5×1=5

दुर्गम, इत्यादि, प्रत्येक, रवीन्द्र, लोकोक्ति, संस्कृति, विद्यालय, तपोबल।

**(ङ) किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें—** 5×1=5

अमीर, सूरज, कमल, आँख, विष्णु, सरोवर, आकाश, चन्द्रमा।

**(च) समास के भेद सोदाहरण लिखें।** 5

**अथवा,** संधि किसे कहते हैं?

bsebcareer.com